AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

## जुलाई के अंत तक तैयार होंगे लविवि के हॉस्टल

### कई छात्रावासों में चल रहा है मरम्मत का काम

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। अगस्त में फाइनल ईयर की परीक्षा की तैयारियों में जुटे लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने इससे पहले अपने छात्रावासों की मरम्मत आदि का काम भी तेज कर दिया है ताकि जरूरत पड़ने पर कोविड गाइडलाइन के अनुसार ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों को इसकी सुविधा दी जा सके। इसी क्रम में सोमवार को प्रशासनिक भवन के सभाकक्ष में छात्रावासों के मरम्मत व जीर्णोद्धार कार्यों की समीक्षा की गई। वर्तमान में विवि के स्वर्ण जयंती छात्रावास के प्रथम तल, बीरबल साहनी छात्रावास का पूरा आंतरिक कार्य, कैलाश छात्रावास का न्यू ब्लॉक, पीजी ब्लॉक तथा कस्तूरबा ब्लॉक का काम चल रहा है। कोविड संक्रमण के कारण इसका काम प्रभावित हुआ था, जिसे अब गति दी जा रही है। बैठक में राजकीय कार्यदायी संस्था आवास एवं विकास परिषद, निर्माण एवं परिकल्प सेवाएं, जल निगम तथा राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड के प्रतिनिधि उपस्थित हुए। कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों द्वारा समीक्षा बैठक में अवगत कराया गया कि 31 जुलाई तक उनके द्वारा काम करके विवि को उपलब्ध करा दिया जाएगा।

विभागीय अधिकारियों ने बताया कि कैलाश छात्रावास के न्यू ब्लॉक का काम शासन से बजट के कारण प्रभावित है, जिसमें बजट आवंटन का प्रयास किया जा रहा है। विवि प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि लगभग 04 साल बाद बीरबल साहनी छात्रावास प्रयोग के लिए उपलब्ध होगा, जहां 96 सिंगल सीटेड कमरे पीएचडी स्टूडेंट्स के लिए उपलब्ध होंगे। उन्होंने बताया कि कैलाश के पीजी ब्लॉक में 75 कमरों व ओल्ड ब्लॉक में 12 कमरों का काम चल रहा है, जिसमें काफी कमरे हमें जुलाई के अंत तक मिल जाएंगे। इन्हें पूर्ण कर छात्र-छात्राओं के आवंटन हेतु उपलब्ध करा दिया जाएगा।

#### हर कॉलेज लगाएंगे 200 पीपल के पौधे



लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने अपने सभी संबद्ध 500 से अधिक कॉलेजों को 200-200 पीपल के पौधे लगाकर सूचित करने को कहा है। रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार सिंह ने लखनऊ, हरदोई, सीतापुर, रायबरेली, लखीमपुर खीरी के सभी कॉलेजों को पत्र भेजकर इसे करने व फोटो के साथ सूचित करने के निर्देश दिए हैं।

HINDUSTAN PAGE 6

## एलयू में भद्रासन, शवासन त्रिकोणासन का अभ्यास

लखनऊ | संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ योग एंड ऑल्टरनेटिव मेडिसिन की ओर से टैगोर लॉन में सातवें अंतराष्ट्रीय योग दिवस समारोह पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कोविड 19 की गाइडलाइन का पालन करते हुए कुलपति, प्रॉक्टर, डीन एकेडमिक, डीएसडब्लू समेत सीमित संख्या में शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने योगाभ्यास किया।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने योग के फायदों से भी लोगों को परिचित कराया। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं ऑनलाइन कार्यक्रम से जुड़े। प्रमुख रूप से ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, शवासन के साथ ही साथ नाड़ीशोधन प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास कराया गया।

**एकेटीयू में योगः** एकेटीयू में ऑनलाइन योग शिविर का आयोजन किया गया।

**बीबीएयू में समापनः** तीन दिवसीय दूरस्थ योगाभ्यास कार्यक्रम, योग के साथ रहें, घर पर रहें कार्यक्रम का समापन हुआ।

**भाषा विवि में प्रशिक्षणः** भाषा विवि में शारीरिक शिक्षा विभाग के सहायक आचार्य डॉ. मोहम्मद शारिक ने योग का प्रशिक्षण दिया।

**स्कूल कॉलेजों में योग**

शहर के स्कूल और कॉलेजों में योग के प्रति खूब उत्साह दिखा। सरकारी और प्राइवेट संस्थानों में ऑनलाइन और ऑफलाइन योगाभ्यास कराने के साथ ही योग पर विशेषज्ञों ने बातें भी रखीं। सभी जगह ऑफलाइन कार्यक्रम मेंकोरोना गाइडलाइन का भी ध्यान रखा गया।

JAGRAN CITY PAGE I

## लविवि : छात्रावासों का आवंटन नए सत्र से

**जागरण संवाददाता, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में नए सत्र से छात्रावासों के लिए विद्यार्थियों को आवेदन से लेकर फीस जमा करने तक दौड़भाग करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस बार छात्रावासों का आवंटन आनलाइन होगा। इसके लिए विश्वविद्यालय ने आनलाइन हास्टल मैनेजमेंट सिस्टम का साफ्टवेयर तैयार कर लिया है। वहीं, छात्रावासों में चल रहा निर्माण कार्य भी 31 जुलाई तक पूरा हो जाएगा। जिसके बाद आवंटन की प्रक्रिया शुरू होगी।

लविवि के पुराने और नए परिसर में कुल 17 छात्रावास हैं। इनमें करीब 2200 विद्यार्थियों के रहने की क्षमता है। सोमवार को विवि के प्रशासनिक भवन के सभाकक्ष में छात्रावासों के मरम्मत एवं जीर्णोद्धार की समीक्षा बैठक बुलाई गई। विवि के प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यदायी संस्थाओं ने 31 जुलाई तक स्वर्ण जयंती छात्रावास के प्रथम तल, बीरबल साहनी छात्रावास, कैलाश छात्रावास के न्यू ब्लाक, पीजी ब्लाक व कस्तूरबा ब्लाक का कार्य पूरा कर आवंटन करने को कहा है।

i-NEXT PAGE II & 2

## नए सेशन से ऑनलाइन हॉस्टल्स का अलॉटमेंट

**ऑनलाइन हॉस्टल मैनेजमेंट सिस्टम का सॉफ्टवेयर तैयार**

**31 जुलाई तक पूरी हो जाएगी हॉस्टल्स की रिपेयरिंग**

LUCKNOW (21 June)Ñ लखनऊ विश्वविद्यालय में नए सत्र से छात्रावासों के लिए विद्यार्थियों को आवेदन से लेकर फीस जमा करने तक दौड़भाग करने की जरूरत नहीं पड़ेगी. इस बार छात्रावासों का आवंटन ऑनलाइन होगा.

### काम पूरा कराने के निर्देश

एलयू में कुल 17 छात्रावास हैं. इनमें 2200 विद्यार्थियों के रहने की क्षमता है. कोविड-19 और कई छात्रावासों में मरम्मत की वजह से पिछले साल करीब आधे छात्र-छात्राओं को ही इसका आवंटन किया गया था. सोमवार को विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के सभाकक्ष में छात्रावासों के मरम्मत एवं जीर्णोद्धार की समीक्षा बैठक बुलाई गई. इसमें राजकीय कार्यदायी संस्था उप्र आवास एवं विकास परिषद, निर्माण एवं परिकल्प सेवायें, उप्र जल निगम तथा उप्र राजकीय निर्माण निगम के प्रतिनिधि शामिल हुए. विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यदायी संस्थाओं ने 31 जुलाई तक स्वर्ण जयंती छात्रावास के प्रथम तल, बीरबल साहनी छात्रावास, कैलाश छात्रावास के न्यू ब्लाक, पीजी ब्लाक तथा कस्तूरबा ब्लाक का कार्य पूरा कर आवंटन के लिए उपलब्ध कराने के लिए कहा है.

### निर्माण कार्य 31 तक पूरा हो

इसके लिए विश्वविद्यालय ने आनलाइन हास्टल मैनेजमेंट सिस्टम का साफ्टवेयर तैयार कर लिया है. वहीं, छात्रावासों में चल रहा निर्माण कार्य भी 31 जुलाई तक पूरा हो जाएगा. जिसके बाद आवंटन की प्रक्रिया शुरू होगी.

### विदेशी छात्रों के लिए एएनडी छात्रावास



डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि लड़कियों के सभी छात्रावास में सेनेटरी नैपकिन मशीन लगेंगी. इसका आर्डर दिया जा चुका है. इसके अलावा सभी छात्रावासों में वाटर कूलर भी आ चुके हैं. विदेशी छात्र-छात्राओं को आचार्य नरेंद्र देव (एएनडी) छात्रावास आवंटित किया जाएगा. अभी तक ये विद्यार्थी बलरामपुर हास्टल में रह रहे थे. इसके अलावा इस साल पीएचडी के छात्रों को बीरबल साहनी और छात्राओं को गोल्डन जुबली हास्टल आवंटित होगा.

## विश्वविद्यालयों में भी रही योग की धूम

LUCKNOW(21 June inext):अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विभिन्न यूनिवर्सिटीज में भी योग की धूम रही.

### लखनऊ यूनिवर्सिटी

लखनऊ यूनिवर्सिटी में योगाभ्यास के साथ योग से होने वाले फायदों के बारे में जानकारी दी गई. योग कार्यक्रम में प्रो. राकेश चंद्र, डीन एकेडमिक प्रो. दिनेश कुमार, प्रॉक्टर प्रो. पूनम टंडन डीन स्टूडेंट वेल्फेयर, प्रो. नवीन खरे तथा डॉ. अमरजीत यादव शामिल हुए. जबकि मुख्य अतिथि के रूप में वीसी प्रो. आलोक कुमार राय शामिल हुए.

### बीबीएयू

बीबीएयू में 19 जून से 21 जून 2021 से चल रहे तीन दिवसीय दूरस्थ योगाभ्यास कार्यक्रम, सकुटुंब योग कार्यक्रम का समापन किया गया. जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. एचआर नागेंद्र, चांसलर एस.व्यास व प्रेसिडेंट, इंडियन योग एसोसिएशन मौजूद रहे. इस दौरान प्रो. हरिशंकर सिंह आदि ने योग के महत्व के बारे में जानकारी दी.

### एकेटीयू

एकेटीयू में ऑनलाइन योग शिविर में वीसी प्रो. विनीत कंसल ने बीमारियों से बचने के लिए योग को अपनाने की अपील की. यहां अंशु श्रीवास्तव के निर्देशन में योगाभ्यास कराया गया.

VOICE OF LUCKNOW PAGE 3

## कुलपति के साथ शिक्षक व छात्रों ने किया योगाभ्यास

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ योग एंड ऑल्टरनेटिव मेडिसिन की ओर से टैगोर लॉन में सातवें अंतराष्ट्रीय योग दिवस समारोह पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कोविड 19 की गाइडलाइन का पालन करते हुए कुलपतिए प्रॉक्टरए डीन एकेडमिकए डीएसडब्लू समेत सीमित संख्या में शिक्षकों और छात्र.छात्राओं ने योगाभ्यास किया।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने योग के कई आसन करने के साथ ही योग के फायदों से भी लोगों को परिचित कराया। वहीं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं ऑनलाइन कार्यक्रम से जुड़े। प्रमुख रूप से ताड़ासन,वृक्षासन,पादहस्तासन, अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, शवासन के साथ ही साथ नाड़ीशोधन प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम आदि का अभ्यास कराया गया। दोपहर में योग पर ऑनलाइन राष्ट्रीय सेमिनार हुआ। जिसमें डा. अमरजीत यादव की ई.पुस्तक कोरोना काल में योग की प्रांसगिकता का विमोचन किया गया।

एकेटीयू में ऑनलाइन हुआ योग

डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विवि में सोमवार को अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ऑनलाइन योग शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विवि के प्रतिकुलपति प्रो विनीत कंसल मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि जीवन शैली से संबंधित बीमारियों से बचने के लिए लिए योग को आत्मसात करने की आवश्यकता है।